उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

## महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2016

संख्याःपीआरपीबी–दो–1(9)/2016(भाग–1) दिनांकः दिसम्बर 22, 2016

**1**– उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा के निम्नलिखित रिक्त पदों, को भरने के लिए महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैंः–

| क0सं0 | पद नाम | वेतनमान | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस उप निरीक्षक(गोपनीय) | पे बैण्ड–9300–34800 व ग्रेड पे–4200 | 34 |
| 2 | पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लिपिक) | पे बैण्ड–5200–20200 व ग्रेड पे–2800 | 75 |
| 3 | पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लेखा) | पे बैण्ड–5200–20200 व ग्रेड पे–2800 | 42 |

**2**– भर्ती प्रकिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://prpb.gov.in पर उपलब्ध है।

**3–ऑनलाइन आवेदन की समय सारिणी–**

| क0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि | 12–01–2017 |
| 2 | पंजीकरण की अन्तिम तिथि | 11–02–2017 |
| 3 | आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 14–02–2017 |
| 4 | आवेदन पत्र सबमिट करने की अन्तिम तिथि | 18–02–2017 |

**4–आवेदन शुल्क**–आवेदन शुल्क रू0–400/–(रूपये चार सौ मात्र) निर्धारित है। आवेदन शुल्क का भुगतान ई–चालान/डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड/इण्टरनेट बैंकिंग का उपयोग करके करना होगा।

**5–आरक्षण**– उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों के अनुरूप केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही अनुमन्य होगा।

**6–आयु**– 01 जुलाई, 2016 को 21–28 वर्ष। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की जायेगी।

**7–शैक्षिक अर्हता–**

**(1)– पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद के लिए**

**(क)**– भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष अर्हता,

**(ख)**–कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टंकण (इन्स्क्रिप्ट की–बोर्ड पर यूनीकोड में) तथा कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी टंकण,

**(ग)**– न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी आशुलिपि श्रुतिलेख,

(घ)–डोएक/नाइलिट सोसायटी से कम्प्यूटर में 'ओ' स्तर का प्रमाण पत्र।

(2)– <u>पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लिपिक)पद के लिए</u>

(क)– भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष अर्हता,

(ख)–कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टंकण (इन्स्क्रिप्ट की–बोर्ड पर यूनीकोड में) तथा कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी टंकण,

(ग)–डोएक/नाइलिट सोसायटी से कम्प्यूटर में 'ओ' स्तर का प्रमाण पत्र।

(3)– <u>पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लेखा)पद के लिए</u>

(क)– भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक उपाधि या लेखा शास्त्र में परास्नातक डिप्लोमा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष अर्हता,

(ख)– कम से कम 15 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टंकण (इन्स्क्रिप्ट की–बोर्ड पर यूनीकोड में),

(ग)–डोएक/नाइलिट सोसायटी से कम्प्यूटर में 'ओ' स्तर का प्रमाण पत्र।

<u>टिप्पणीः–</u>

पंजीकरण की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी को अपेक्षित शैक्षिक अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए तथा उसकी अंकतालिका अथवा प्रमाण–पत्र उसके पास उपलब्ध होने चाहियें। अपेक्षित शैक्षिक अर्हता हेतु परीक्षा में सम्मिलित हुए (appeared) अथवा सम्मिलित होने वाले (appearing) अभ्यर्थी पात्र न होंगे।

8–<u>भर्ती की प्रकिया</u>– यह चयन **'उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली–2016'** के अधीन किया जायेगा। भर्ती प्रक्रिया के (1)ऑनलाइन लिखित परीक्षा, (2) अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, (3)कम्प्यूटर टंकण एवं आशुलिपि परीक्षा, (4)चयन तथा अन्तिम योग्यता सूची एवं (5) चिकित्सा परीक्षा व चरित्र सत्यापन के चरण होंगे।

9– <u>अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना</u>–ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अभिलेख होने आवश्यक हैः–

क– शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी अभिलेख–

(1)– स्नातक उपाधि अंक पत्र/प्रमाण पत्र

(2)–डोएक(DOEACC)/नाइलिट(NIELIT) सोसायटी से कम्प्यूटर में 'ओ' स्तर का प्रमाण पत्र।

ख– अधिमानी अर्हता सम्बन्धी अभिलेख (यदि कोई हो तो)–

(1)– डोएक (DOEACC)/नाइलिट (NIELIT) सोसायटी से उच्च प्रमाणीकरण या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर अपलीकेशन/प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि या उससे उच्च अर्हता का प्रमाण–पत्र।

(2)–विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त किसी संस्थान या महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक उपाधि अंक पत्र/प्रमाण पत्र।

(3)– प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा का प्रमाण पत्र।

(4)– राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र।

ग– आरक्षण एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट के दावे सम्बन्धी अभिलेख (यदि लागू हो)–

(1)– मूल निवास प्रमाण पत्र

(2)– अन्य पिछड़े वर्ग के लिए जाति प्रमाण–पत्र निर्धारित **प्रारूप–1** पर (01 अप्रैल, 2016 या उसके बाद का किन्तु इस भर्ती प्रक्रिया हेतु निर्धारित पंजीकरण की अन्तिम तिथि तक) निर्गत होना चाहिए।

(3)– अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी का जाति प्रमाण पत्र निर्धारित **प्रारूप–2** पर (इस भर्ती प्रक्रिया हेतु निर्धारित पंजीकरण की अन्तिम तिथि तक या इससे पूर्व) निर्गत होना चाहिए।

(4)– स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र निर्धारित **प्रारूप–3** पर निर्गत होना चाहिए।

(5)–भूतपूर्व सैनिक यूनिट डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/सेवामुक्ति प्रमाण पत्र, यूनिट के कमाण्डेन्ट द्वारा निर्गत 'नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट'।

(6)– आयु में छूट चाहने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के कार्यरत कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र। यह प्रमाण पत्र निर्धारित **प्रारूप**–4 पर होना चाहिए।

घ– फार्म में स्कैन करके अपलोड करने हेतु अभ्यर्थी की नवीनतम और आवक्ष तक रंगीन फोटो और हस्ताक्षर जो कि न्यूनतम 20 के0बी0 तथा अधिकतम 50 के0बी0 में हो।

22/12/16

**अपर सचिव (भर्ती)**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**